## तालाब में डुबाकर उतारा था मौत के घाट, न्यायालय ने सुनाया फैसला, एसआई होंगे पुरस्कृत

# हत्या के आरोपी को कोर्ट ने सुनाया आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



एक साल पुराने हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को सजा सुना दी है। इस हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी टोरा उर्फ अरविंद उइके को आजीवन काराबास और पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में एसपी अजय पांडे ने संपूर्ण विवेचना करने वाले एसआई रविंद्र पवार को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

22 फरवरी 24 को विनोद सल्लाम और टोरा उर्फ अरविन्द उइके डेम के किनारे पर खड़े होकर आपस में गाली गलौच कर झगड़ा कर रहे थे। कुछ देर बाद विनोद सल्लाम अपने काले रंग के ट्यूब पर बैठकर डेम के पानी मे उतर गया और बीच गहरे पानी मे पहुंचा ही था कि किनारे पर खड़ा टोरा उर्फ अरविन्द उइके तैरकर विनोद के पास पहुंचा और ट्यूब पर बैठे विनोद सल्लाम को ट्यूब पलटाकर पानी मे गिरा दिया और उसके पैर पकडक़र पानी से बाहर उपर कर दिया। विनोद पानी मे डूब गया और बाहर ही नहीं निकला। इससे विनोद की पानी मे डूबने से मृत्यु हो गयी। जिसकी सूचना सूचनाकर्ता ममला बाई उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चाखला द्वारा दी गयी थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने पूछताछ कर अपराध क्र.12/24 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया ।

न्यायालय द्वारा अभियोजन की प्रकरण में कुल 11 गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोपी अरविंद उर्फ टोरा पिता देहलन उइके उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चाखला को धारा 302 भा.द.वि. के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को दिनांक 09 अप्रैल को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव महेंद्र मांगोदिया ने सत्र प्रकरण क्रमांक 21/2024 में निर्णय पारित करते हुए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य की ओर से प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई तथा प्रकरण की संपूर्ण विवेचना कार्यवाही थाना प्रभारी माहुलझिर एसआई रविन्द्र पवार ने की हैं। पुलिस अधीक्षक ने विवेचना कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविंद्र पवार को पुरुष्कृत करने की घोषणा की है।

## विद्युत चोरी के 54 प्रकरण हुए दर्ज, विद्युत चोरी करने वालों पर की जा रही कार्यवाही

**सिंगोड़ी:** अमरवाड़ा संभाग के अंतर्गत सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र में मास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मास चेकिंग हेतु अमरवाड़ा संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम के निर्देशन में संभाग के सभी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंताओ के नेतृत्व में 5 दलों का गठन किया था। जिसमेंप्रथम दल प्रभारी सहायक अभियंता नीतीश प्रजापति द्वारा सिंगोड़ी ग्रामीण मुख्यालय के ग्राम-कोल्हिया और तेंदनीमाल में कुल 11लोगों विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। द्वितीय दल प्रभारी सहायक अभियंता के के बामनके और समरेश पटेल द्वारा सिंगोड़ी मुख्यालय के ग्राम- खकरा चौराई और सिंगोड़ी में कुल 10 लोगो पर विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये।तृतीय दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता अरविंद पहाड़े द्वारा बड़ेगांव मुख्यालय के ग्राम-भजिया और पटानिया में कुल 11 लोगो विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। चतुर्थ दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र उईके द्वारा सिंगोड़ी ग्रामीण मुख्यालय के ग्राम-पिंडरई डबीर और कोल्हिया में कुल 10 लोगो विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। पंचम दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव द्वारा भोकई मुख्यालय के ग्राम-भोकई और जामुनियापठार में कुल 12 लोगों विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। विद्युत की चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध मास चेकिंग अभियान चलाया गया है।संभाग से टीम गठित करके सिंगोड़ी वितरण केंद्र में पहुँचाई गई थी।जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिना वैद्य कनेक्शन के विद्युत का उपयोग किया जा रहा था उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वही बिजली विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वैद्य कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें और होने वाली अप्रिय कार्यवाही से बचें।

## रैली में गिरा था महिला का सोने का कंगन

# एक घंटे में ढूंढ निकाला तीन लाख का सोने का कंगन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

भगवान महावीर जन्मोत्सव की रैली में शामिल कल्पना प्रदीप पाटौदी उस वक्त हैरान रह गईं जब उन्हें पता चला कि हाथ में पहना हुआ साढ़े तीन तोले का सोने का कंगन कहीं गिर गया है। करीब तीन लाख रुपए कीमत का कंगन छोटी बाज़ार में गिरने की आशंका थी। महिला ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली थाना पहुँचकर थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी को दी। जहां बीट मे चिता मे लगे आरक्षक रामकुमार जाटव को तत्काल कंगन की तलाश पतासाजी हेतू सीसीटीवी फुटेज देखने को बताया गया। जहां आरक्षक रामकुमार के द्वारा त्वरीत कार्यवाही कर कंगन घुमने के स्थान के आस पास लगे सी सी टी कैमरे की फुटेज देखी गई। इस दौरान सीसीटीवी में दिकहि दिया कि कंगन एक बलुन की दुकान लगाने वाले को मिला था। आरक्षक ने उक्त व्यक्ति की पहचान कर उसके घर कुम्हारी मोहल्ला मे जाकर उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर सोने का कंगन मिलना स्वीकार किया। जिससे सोने का कंगन प्राप्त कर पीडित को सोने का कंगन किमती 3 लाख रूपये का सुपुर्द किया गया। कंगन मिलने पर पीडित महिला के चेहरे की खुशी वापस लौट आई और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## त्याग, मर्यादा, न्याय पकरुणा जैसे गुना को करें अंगीकार: स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती महाराज



**सौसर।** भगवान राम का चरित्र न केवल पवित्र और अनुकरणीय है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करने वाला है। उन्होंने राम के त्याग, मर्यादा, न्यायप्रियता और करुणा जैसे गुणों का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को अपने जीवन में इन आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया, श्रीरामचरितमानस मानव जीवन के लिए एक अनुपम मार्गदर्शिका है, जो हमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के सही मार्ग पर चलना सिखाती है। कथा श्रवण कर उपस्थित भक्तगण भक्ति और श्रद्धा के भाव में पूरी तरह से लीन हो गए। उपरोक्त उदद्गार चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में हनुमान जयंती पर आयोजित श्री राम कथा में द्वितीय दिवस बुधवार को प्रवचन में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती ने व्यक्त किये,कथा के द्वितीय दिवस का शुभारंभजिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड़,श्रीमती पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सजय राठी, श्रीमती गुंजन राठी, सुनील भांगे,रोही कटहल शेखर कंटक, द्वारा सपत्नीक सामूहिक रूप से व्यासपीठ श्रीरामचरितमानस की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।संध्या महाआरती में श्री रोही कटहल, इंदरचंद डागा,सुनील बागानी ने भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की, ह.भ. प. हरिश्चंद्र महाराज वंजारी,सद्गुरु जोग महाराज वारकरी का हरिकीर्तन संपन्न हुआ,श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रमों में गोपाल शर्मा द्वारा परिवार के सौजन्य से कलकत्ता से आए हुए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा श्री हनुमान लीला की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जाम सांवली में हनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत आयोजित यह त्रिदिवसीय श्री रामकथा का गुरुवार को समापन होगा वही रात्रि 8 बजे से प्रसिद्ध पद्मश्री से सम्मानित भजन सम्राट अनूप जलोटा की एक विशाल भजन संध्या सम्पन्न होगी।

## जल संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर पहुंचे ग्राम पंचायत बुधवारा



**जुन्नारदेव।** गुरुवार 10 अप्रैल को जिला कलेक्टर शैलेंद्र सिंह जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधवारा पहुंचे, जहां पर कलेक्टर द्वारा ग्राम के तालाब की साफ सफाई जल संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ की गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कामिनी ठाकुर, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान, सहायक उप यंत्री बारु धुर्वे, इंजीनियर संजू नागवंशी, सहायक सचिव मुरारी यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। जिला कलेक्टर द्वारा ग्राम बुधवारा में किए गए कार्यों की सराहना भी की गई।

## आज चार दिवसीय दौरे पर आएंगे कमलनाथ व नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ा:** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय संकट मोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सिद्ध सिमरिया धाम में आयोजित दिव्य व भव्य आयोजन में सम्मिलित होंगे। नेताद्वय बल, बुद्धि व विद्या के दाता हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर सर्वकल्याण की प्रार्थना करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ का दिनांक 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। नेताद्वय तीन दिनी दौरे के पश्चात दिनांक 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे। छिन्दवाड़ा दौरे के दौरान वे विभिन्न धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे माननीय कमलनाथ एवं नकुलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को श्री हनुमान भक्त कमलनाथ व नकुलनाथ सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे साथ ही हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## अखंड हरिनाम संकीर्तन का दहीलाही व महाप्रसादी वितरण के साथ हुआ समापन

### संतों के चरणों से पावन हुई छिन्दवाड़ा जिले व गुरैया की धरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गुरैया स्थित ओकटे कृषि फॉर्म में आयोजित 24 घण्टे के अखंड हरिनाम कीर्तन का दही लाही व महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। जिले व समीपस्थ जिलों के साथ ही अन्य प्रदेशों से पधारे संतों जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए इस दिव्य आयोजन में प्रसादी गृहण कर हजारों श्रद्धालु भक्तजनों ने पुण्य लाभ अर्जित किए।

संतों का सानिध्य व उनकी दिव्य वाणी का अमृतपान करने का सौभाग्य जिले व गुरैया नगर के श्रद्धालु भक्तजनों को प्राप्त हुआ। संतों के चरण पड़ने से जिले की धरा पावन हो उठी तो वहीं हरिनाम कीर्तन से सम्पूर्ण आबोहवा धर्ममयी हो उठी। दो दिवसीय इस आयोजन में अमरावती (महाराष्ट्र) के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. पद्माकर महाराज देशमुख की ओर से सुमधुर कीर्तन की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त ग्राम व अन्य नगर से पधारी भजन मंडलियों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। 24 घंटे के अखंड हरिनाम कीर्तन में संतों का समागम हुआ जिसमें कटनी जिले से श्री बनवारीदास जी महाराज, नरसिंहपुर से श्री हरिहर जी महाराज, खंडवा से श्रीराम जी महाराज, इंदौर से श्री प्रवीणनाथ पानसे जी महाराज, मंडला से श्री रामदास जी महाराज, बिछुआ से डॉ. श्री वैभव अलोणी जी महाराज , नर्मदापुरम से श्री गदीबदास जी महाराज, दादा गुरू समर्थ श्री भैया जी सरकार, जबलपुर से महंत केवलपुरी जी महाराज, इंदौर से श्री दादू जी महाराज, अमरवाड़ा से री सुखरामदास जी महाराज व सुप्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. पद्माकर महाराज देशमुख जी आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उनका सानिध्य व दिव्यवाणी का अमृतपान करने का अवसर जिले के श्रद्धालुजनों को प्राप्त हुआ।

## जामसांवली मंदिर के लिए निकली गदा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू गुरूवार को छिंदवाड़ा एवं चांदामेटा में आयोजित कार्यक्ररमों के दौरान विशाल गदा पद यात्राओं में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि हनुमान जंयती के अवसर पर जिलेभर से जामसांवली हनुमान मंदिर के लिए गदा पद यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत गुरूवार को सांसद श्री साहू ने चांदामेटा के शिवाजी चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हनुमान भक्तों द्वारा चमत्कारिक जामसांवली हनुमान मंदिर निकाली जा रही गदा पद यात्रा का शुभारंभ किया। वही छिन्दवाड़ा में कई स्थानों से निकाली जा रही गदा यात्रों में सांसद श्री साहू ने गदा धारण कर यात्रों में शामिल होकर यात्रों का स्वागत किया। इसी तरह भाजपा छिंदवाड़ा नगर मंडल द्वारा शहर में निकाली जा रही गदा समर्पण यात्रों का शुभारंभ एवं स्वागत भी किया गया। जिसके तहत लहगडुआ में श्री रूद्र आत्मक हनुमान सेवा समिति, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर नरसिंहपुर रोड, सुकलूढाना सिवनी रोड से आजाद फाउंडेशन द्वारा निकलने वाली श्री राम भक्त सेवा समिति सहित अन्य यात्रों में भाजपा नेताओं ने पूजा अर्चना की एवं समिति के सदस्यों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

## डॉ.पक्षवार ने की विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के निर्देशानुसार विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिये उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने गत दिवस पांढुर्णा जिले की संस्थाओं का औचक निरिक्षण किया एवं समीक्षा बैठक ली। उप संचालक डॉ.पक्षवार ने सर्वप्रथम पशु चिकित्सालय सौंसर का निरिक्षण किया । निरिक्षण के समय डॉ.सेमिल, डॉ.आरती इवने एवं डॉ.अनूज चौधरी उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने सिराठा में पशु चिकित्सालय का निरिक्षण किया। साथ ही पांढुर्णा जिला पशु चिकित्सालय में जिले के सभी सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग की सभी योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिये।

## स्थानीय कलाकारों को मिलेगा एक्टिंग का मौका

# तामिया-पातालकोट में होगी तेलगू फिल्मों की शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल और जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया-पातालकोट सहित जिले के अन्य दर्शनीय स्थलों पर दो तेलगू फिल्मों की शूटिंग होने जा रही है। दोनों फिल्मों की शूटिंग के लिए लोकोशन तय हो चुकी हैं और प्रशासन से अनुमति के बाद अगले सप्ताह तेलगू कलाकार छिंदवाड़ा आएंगे और करीब 25 दिनों तक शूटिंग में भाग लेंगे।

इन फिल्मों में 150 से अधिक स्थानीय कलाकारों व तकनीकि युवाओं का सहयोग लिया जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। शूटिंग की अनुमति का पत्र जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार ने आरबीजी मूवीज के महाप्रबंधक पुरषोत्तम भारद्वाज को प्रदान किया। इस अवसर पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी भी उपस्थित थे। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत ने बताया कि कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे, जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार, एडीएम श्री केसी बोपचे के विशेष प्रयासों से दोनों फिल्मों की शूटिंग की अनुमति रिकार्ड समय में प्रदान की गई है। दोनों फिल्मों की 80 प्रतिशत शूटिंग तामिया-पातालकोट और चिमटीपुर में सहित अन्य स्थलों पर होगी। जिला प्रशासन ने फिल्म बनाने वाली टीम को जिले में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित होम स्टे में शूटिंग के लिए अनुरोध किया, इस पर पर्यटन ग्राम काजरा और चिमटीपुर के होम स्टे भी शूटिंग की लोकेशन में शामिल किए गए हैं। दोनों तेलगु फिल्मों में कार्य करने के लिए करीब 30 कलाकार हैदराबाद से आएंगे और 150 से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाकर फिल्मों से जोड़ा जाएगा।

मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार के साथ मध्य प्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना, तथा फिल्म निर्माण संबंधी आधारभूत ढांचे में निवेश आकर्षित करना है।



## वार्डवासियों को आवागमन में होगी आसानी, एक लाख 71 हजार से बनेगी सड़क

# वार्ड 21 में बनेगी दो नई सड़कें, नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया के वार्ड क्रमांक 21 में दो नई सड़क बनेगी। परासिया के नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने गुरुवार को सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया ।वार्ड 21 में माता मंदिर के सामने 2 लाख 98 हजार की लागत एवं मोहन पावर के घर के पास 1 लाख 71 हजार की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में रमेश यदुवंशी , ताराचंद डेहरिया , अरविंद साहू , नितेश पाटिल , नितिन डेहरिया , नीता विश्वकर्मा , शकुन यादव , शांता यादव , शारदा डेहरिया , शशि डेहरिया , चांदनी ठाकुर , नवल यादव , सीमा तिवारी , मीना डेहरिया आदि उपस्थित रहे । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने इस अवसर पर कहा , कि वार्ड में सड़कें और नालियों के काम प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं । स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी सुधार दी गई है । पेयजल समय पर और उचित गुणवत्ता का मिल सके इसके लिए भी कार्य किया जा रहा है । गौरतलब है , कि नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय वार्ड क्रमांक 21 से ही पार्षद बने हैं। इस वार्ड में मोक्ष धाम का निर्माण किया गया है । मोक्ष धाम की बाउंड्री वॉल बनाकर पौधारोपण किया गया है ।

### परिणय सूत्र में बंधेगे 668 वर - वधू, 13 को ई डी सी में होगा कार्यक्रम

**परासिया** :- मुख्य मंत्री कन्या दान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 13 अप्रैल दिन रविवार को ई डी सी ग्राउंड में होगा । जिसमें 6 मुस्लिम वर वधू मिलाकर कुल 668 वर - वधू परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरूआत करेंगे ।जनपद पंचायत परासिया की सभी पंचायतों और चारों नगरीय निकायों से शादी के लिए आए आवेदनों की सूक्ष्म जांच - पड़ताल और समीक्षा के बाद 668 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति रिवाजों के अनुसार प्रशासनिक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न कराया जाएगा । जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है । दूल्हों की बारात रविवार सुबह दस बजे पिपरिया रोड पर स्थित एक लान से निकलेगी । सरकार की ओर से वधू को 49 हजार रुपए राशि का चैक दिया जाएगा । जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी और उपाध्यक्ष जमील खान ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर वर - वधू को आशीर्वाद देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

### पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके को लोगों ने जन्मदिन पर दी बधाई

**जुन्नारदेव।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर राज्य की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के जन्मदिन पर आज दिन भर उन्हें विभिन्न वर्गो के लोगो ने शुभकामनाएं और बधाइयां दी गई। समाजसेवा , धार्मिक ,अध्यात्म , राजनीति,और विभिन्न वर्गो से जुड़े व्यक्तियों के साथ-ही पत्रकारों और आम नागरिकों ने उनके आदर्श नगर स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया, उनका आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी । उन्हें मोबाइल पर भी अनेक व्यक्तियों ने जन्मदिन की बधाई दी । पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।



## सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र में विद्युत चोरी के 54 प्रकरण हुए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा संभाग के अंतर्गत सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र में मास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।मास चेकिंग हेतु अमरवाड़ा संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम के निर्देशन में संभाग के सभी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंताओ के नेतृत्व में 5 दलों का गठन किया था।

जिसमेंप्रथम दल प्रभारी सहायक अभियंता नीतीश प्रजापति द्वारा सिंगोड़ी ग्रामीण मुख्यालय के ग्राम-कोल्हिया और तेंदनीमाल में कुल 11लोगों विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। द्वितीय दल प्रभारी सहायक अभियंता के के बामनके और समरेश पटेल द्वारा सिंगोड़ी मुख्यालय के ग्राम- खकरा चौराई और सिंगोड़ी में कुल 10 लोगो पर विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये।तृतीय दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता अरविंद पहाड़े द्वारा बड़ेगांव मुख्यालय के ग्राम-भजिया और पटानिया में कुल 11 लोगो विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। चतुर्थ दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र उईके द्वारा सिंगोड़ी ग्रामीण मुख्यालय के ग्राम-पिंडरई डबीर और कोल्हिया में कुल 10 लोगो विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। पंचम दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव द्वारा भोकई मुख्यालय के ग्राम-भोकई और जामुनियापठार में कुल 12 लोगों विद्युत चोरी के पंचनामे बनाये गये। विद्युत की चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध मास चेकिंग अभियान चलाया गया है।संभाग से टीम गठित करके सिंगोड़ी वितरण केंद्र में पहुँचाई गई थी।जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिना वैद्य कनेक्शन के विद्युत का उपयोग किया जा रहा था उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वही बिजली विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वैद्य कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें और होने वाली अप्रिय कार्यवाही से बचें।

## मनोकामना ज्योति कलश का धूमधाम के साथ किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्त श्रद्धालुओं धर्म प्रेमियोजन जजमानों के सहयोग से 501 मनोकामना ज्योति कलश रखे गए थे जहां माता रानी के दरबार श्री श्री खेड़ापति माता मंदिर दमुआ प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व पर भक्त श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है सुबह से देर रात्रि तक भक्तजन कोई पानी चढ़ा रहा तो कोई पूजन पाठ आराधना उपासना कर रहा है तो कोई मां की सेवा भाव में लगा है प्रतिदिन माता के भक्त श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है लोग भक्ति भाव में डूबे रहते हैं नौ दिनों तक भक्तों का ताता लगा रहता है आरती जयकारा एवं माता जी के भक्ति कीर्तन भक्ति भाव जैसे आस्था उपासना आराधना का क्रम लगातार 9 दिनों तक चलता रहता है माता की अष्टमी नवमी पर धूम मची रहती है भक्त श्रद्धालुओं का ताता मंदिरों में लगा रहता है मां की अष्टमी नवमी पर हवन पूजन अनुष्ठान और पूर्णाहुति आरती के पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम भी किया गया जहां भारी संख्या में भक्ति श्रद्धालु जैन धर्म प्रेमी नागरिक गण बंधु भक्ता विसर्जन यात्रा में शामिल हुए जहां सभी लोग प्रसादी ग्रहण कर पूर्ण लाभ भी अर्जित किया जाता है 7 अप्रैल को अष्टमी नवमी मनाने के पश्चात मनोकामना ज्योति कलश यात्रा भी निकलती है मनोकामना ज्योति कलश मां श्री श्री खेड़ापति माता मंदिर दमुआ कलश विसर्जन शोभायात्रा दिन सोमवार को समस्त भक्त मातृ शक्ति मंत्र महिलाएं बालिका एवं सभी भक्तजन भारी संख्या में उपस्थित रहे जबकि कलश यात्रा विसर्जन बड़े धूमधाम के साथ निकाली जाती है जैसे ढोल बाजे डीजे और आतिशबाजी के साथ माता की कलश यात्रा जो की दमुआ मार्ग 8 नंबर तिराहा होते हुए बैरियर चौक पुराना बस स्टैंड गुजरी बाजार दमुआ, गल्ला मार्केट होते हुए कन्हान नदी विसर्जन घाट पहुंची जहां सभी ने मनोकामना ज्योति कलश की सामूहिक महा आरती की तत्पश्चात कलश विसर्जन किया गया और समस्त भक्त श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भंडारा प्रसादी ग्रहण किया इस अवसर पर नगर शहर के गणमान्य नागरिक धर्म प्रेमी गण एवं भक्ति श्रद्धालुओं पर भी भारी संख्या में उपस्थित थे पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा।

## धूमधाम के साथ मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

## 12 अप्रैल सुबह से देर रात्रि तक चलेंगे कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

12 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दमुआ नगर शहर सहित आसपास के क्षेत्र एरिया के धार्मिक स्थल प्रसिद्ध श्री हनुमान जी के मंदिर दादा धाम स्थलों में सुबह से ही कार्यक्रम आयोजन प्रारंभ हो जाएंगे सभी जगह पर भक्त श्रद्धालुओं प्रभु श्री राम जी, हनुमान जी के भक्तों में बड़ा उत्साह नजर आएगा दमुआ क्षेत्र प्रसिद्ध दादाजी हनुमान जी के मंदिर जैसे धाम में सिद्ध श्री हनुमान मंदिर ,हनुमान टेकडी ,हनुमान दफाई दमुआ, श्री कामेश्वर हनुमान मंदिर माइनर्स , श्री दादा हनुमान मंदिर रामनगर दमुआ, श्री हनुमान मंदिर दमुआ, नंबर 12 ,श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर आमझिरिया दमुआ, श्री हनुमान मंदिर भोले की मडिया बैरियर दमुआ, श्री संकट मोचन धाम हनुमान मंदिर कोलवाशरी ,श्री हनुमान मंदिर धाम नदी दफाई बाजार मोहल्ला दमुआ,श्री हनुमान मंदिर थाना परिसर क्षेत्र ,श्री हनुमान मंदिर खेड़ापति माता मंदिर, श्री सिद्ध हनुमान मंदिर दमुआ, श्री हनुमान मंदिर कुटुंबदेव ,हमारे हनुमान मंदिर तीन पुलिया, दादाजी मंदिर धाम में हनुमान जयंती पर विशेष विधिवत कार्यक्रम आयोजन होंगे और भक्त श्रद्धालुओं का मंदिरों में ताता लगा रहेगा।



### महावीर भगवान के उदघोष से गूंजा सिंगोड़ी

**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी-अमरवाड़ा-छिंदवाड़ा-भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में रजत पालकी जी की शोभायात्रा निकाली गई-भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के एक दिन पूर्व से ही सिंगोड़ी भक्ताम्बर महिला मंडल द्वारा अखंड 24 घंटो का भक्ताम्बर पाठ रखा गया जिसमें समाज के सभी लोग सहभागी बने-भक्ताम्बर पाठ समापन के पश्चात आरती कर जिनवाणी पालकी जी शोभायात्रा ग्राम के संछिप्त मार्ग से निकाली गई जिसमे जैन बंधुओ ने अपने निवास ओर प्रतिष्ठान के सामने माँ जिनवाणी की आरती करी-तत्पश्चात मंदिर जी मैं संगीतमय मंदिर विधि का सामूहिक पाठ हुआ-पंडित श्री हेमचंद जी ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला-महावीर स्त्रोत का वांचन किया-तदपुरान्त आरती प्रसाद एवं तिलक सम्पन हुआ-महिला मंडल के पात्र भावना का आयोजन किया गया इस अवसर समाज के समस्त वरिष्ठ जन-साधर्मी बंधु-माताएं बहने युवा और बच्चे शामिल हुये।

### खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर जगह-जगह मंदिरों में हो रही हैं भव्य तैयारियाँ

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत कई मंदिरों में हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम की तैयारी चल रही हैं जिसमें सबसे पुराना मंदिर दक्षिणी मुखी हनुमान मंदिर बड चौराहा जो की सिद्ध मंदिर में जाना जाता है यहां पर हर शनिवार एवं मंगलवार को विशेष तौर पर पूजा करने के लिए श्रद्धालु आते हैं इसी तरह बालाई नदी के किनारे दुर्गा व्यायाम शाला में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई है जिसमें व्यायाम साल के पहलवानो द्वारा हर मंगलवार पूजा अर्चना की जाती है इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर विशाल भंडारा एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी बस स्टैंड नारायणगंज में पिपलेश्वर हनुमान मंदिर के नाम से जाना जाता है जहां पर हर मंगलवार विशाल भंडारे का आयोजन नवयुवक लड़कों द्वारा हनुमान जी के मंदिर में हर मंगलवार को हनुमान चालीसा आरती एवं विशाल भंडारा किया जाता है हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन नवयुवा के लड़कों द्वारा किया जाएगा इसी तरह हितकारिणी मंदिर नारायणगंज में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में जोर-शोर से तैयारी जारी हैं हनुमान मंदिर चौराहा जो कि कई वर्षों से यहां पर लगातार हनुमान जयंती पर सुंदरकांड का आयोजन एवं विशाल भंडारा किया जाता है प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम की तैयारी हो रही है थाना टिकरिया में पीपल के नीचे स्थापित हनुमान मंदिर का नया मंदिर बनाया गया है जिसमें हनुमान जी की भव्य मूर्ति स्थापित हनुमान जयंती पर की जाएगी तीन दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें विशाल भंडारा एवं मूर्ति स्थापित कर कलश यात्रा निकाली जाएगी आसपास के हनुमान मंदिरों में भी हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है।

## विवाह योजना के दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करें : सम्पतिया उइके

# मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की हुई समीक्षा

*** सांसद कुलस्ते ने लिया तैयारियों का जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को सर्किटहाउस मंडला में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगमन होगा। उन्होंने इसकी व्यापक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधुओं का चयन कर विवाह/निकाह कार्यक्रम पंडित, काजी, भुमकाओं से संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को विवाह/निकाह स्थल पर व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में पहुंचे आगंतुकों के लिए भोजन, बैठक, मनोरंजन एवं पेयजल का भी व्यापक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों से वर-वधुओं का चयन कर उन्हें कार्यक्रम स्थल में अनिवार्य रूप से लेकर आएं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह स्थल पर आगमन एवं प्रस्थान मार्ग पृथक-पृथक होना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/ निकाह योजना में विद्युत व्यवस्था का भी बेहतर प्रबंध करने को कहा। वर-वधुओं की वेशभूषा का चयन गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में साज-सज्जा, बारात की तैयारियां, शहनाई, बाजे इत्यादि की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध, टेंट व्यवस्था, भोजन का प्रबंध सहित व्यापक तैयारियां करने को कहा। जिससे मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना का व्यापक प्रसार-प्रसार करें। जिससे आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर इसे सफल बना सकें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करने को कहा। बारात आगमन व अगुवाई की व्यवस्था सुनिश्चित ढंग से करने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, लोकनृत्य, कलश यात्रा, चैक वितरण का कार्यक्रम सुनिश्चित ढंग से करने को कहा गया।

## मण्डला में महावीर जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कल चैत्र शुक्ल त्रयोदशी श्री महावीर भगवान के 2624 वे जन्मोत्सव के अवसर पर समस्त जैन श्रावक क्षाविकाओं ने बड़े हर्षोल्ल्लास के साथ श्री जी की शोभा यात्रा शांतिनाथ मंदिर जी से बसस्टैंड रेडक्रास चिलमन चौक बड चौराह उदय चौक कबीर चौक से बुधवारी क्षी महावीर मंदिर श्री पाश्वनाथ मंदिर जी से पुनः श्री शांति नाथ मंदिर जी पहुंची जगह जगह श्री जी का दान दर्शन आरती समाज द्वारा किया गया। पश्चात वात्सल्य भोज समाज द्वारा किया गया। दोपहर में 3 बजे से भगवान का मस्ताभिषेक शांतिधारा आरती दीपक से की गई रात्रि में श्री भक्तामर जी पाठ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवान का जन्मोत्सव का पालना झुलाया गया बच्चों व बड ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। सभी कमेटियों का हर कार्य में सहयोग रहा

श्री शांतिनाथ मंदिर जी पडाव से सुबह 8 बजे वाहन रैली निकाली गई जो शहर से नेहरू स्मारक रपटा होते हुए सभी जैन श्रद्धालुगण श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी महाराजपुर पहुंचे 9/4/2025 को विश्व में णमोकार महामंत्र दिवस के नाम से घोषित किया गया है। श्रावक श्राविकाए सभी कमेटियों ने भी अनुशासन के साथ शोभायात्रा आंगन तिराहा महाराजपुर से होते हुए मंदिर जी पहुंचे जगह जगह भगवान की भक्ति भजन णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। साथ ही भगवान के जयकारे नारे लगाए गए। श्री महावीर जयंती जन्म कल्याणक के अवसर पर दिनांक 10 अप्रैल को प्रातः7.30 बजे से श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी से भगवान की शोभायात्रा शहर के मुख्य मुख्य स्थान से श्री पाश्वनाथ मंदिर जी श्री महावीर मंदिर जी से होते हुए पडाव जैन मंदिर पहुंची। दोपहर में भगवान का जन्माभिषेक पश्चात रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पालना झुलाने का कार्यक्रम आदि सुंदर प्रस्तुति बच्चों व बड़ों द्वारा होगी। संगीतमय भजन संध्या भव्य महाआरती और दीपकों से मंदिर को सुसज्जित किया गया।



## खुले आसमान के नीचे जीवन गुजार रहे 17 परिवार

हरिभूमि न्यूज लाँजी ।

**अतिक्रमण कार्यवाही में टूट चुका है तीन दिन पूर्व आशियाना**

**वार्ड 5 मंडई टेकरी में जलमद की भूमि पर अतिक्रमण का मामला**



**लांजी।** डकैती चोरी होने पर तो कुछ न कुछ घर में अवश्य बच जाता है लेकिन अतिक्रमण की कार्यवाही होने पर गरीबों का सर्वस्व लुट जाता है। ऐसी ही स्थिति नगर परिषद अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 5 मंडई टेकरी में देखी जा रही है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के बाद से बेघर हुए 17 परिवारों की जिंदगी पटरी पर नहीं लौट सकी है। लोगों का पेट तो किसी तरह भर गया लेकिन रात खुले आसमान के नीचे ही गुजारनी पड़ी। समाज सेवा का डंका पीटने वाले लोगों के हाथ भी इनकी सेवा को नहीं उठ सके। विदित हो कि नगर परिषद लांजी द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 5 में बीते मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है जिसमें लगभग 17 परिवार बेघर हो चुके है जो पिछले तीन दिनों से खुले आसमान के नीचे जीवन यापन कर रहे है। वहीं नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है की उक्त परिवारों के लिये वर्तमान में नगर के गोंडवाना भवन में रूकने की व्यवस्था की गई है परंतु पीड़ित परिवारों का कहना है की ऐसी कोई व्यवस्था नगर परिषद द्वारा नहीं की गई है।

**बारिश के कारण भी हुआ नुकसान.....**

पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया की मंगलवार को नगर परिषद द्वारा उनका वर्षो पुराना आशियाना उजाड़ दिया गया और विस्थापन की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। उसके बाद मौसम की मार से उन्हें दोगुना नुकसान उठाना पड़ रहा है। बुधवार की शाम मौसम में बदलाव के बाद बारिश से भी गृहस्थी का बचा कुचा सामान भी नष्ट हो गया ठहरने की व्यवस्था न होने के कारण लगभग डेढ़ दर्जन परिवार के लोग रोड किनारे ही जीवन गुजार रहे है जिससे उन्हे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**नगर में चौतरफा अतिक्रमण, पर कार्यवाही सिर्फ हम पर....**

पीड़ित परिवारों का कहना है की नगर परिषद लांजी के अंतर्गत लगभग 15 वार्ड हैं जिनमें चारो तरफ अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है। स्वयं नगर परिषद कार्यालय के सामने ही गणेशी तालाब और उसकी पार में गले तक अतिक्रमण लोगों द्वारा किया गया है परंतु नगर परिषद सीएमओ और जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ वार्ड नं 5 को ही टारगेट करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है जो न्यायोचित नहीं है। जिस तरह हमारा अतिक्रमण हटाया गया है उसी तरह नगर के सारे अतिक्रमण हटाये जाएं। वार्डवासियों ने कहा भरी गर्मी में नगर परिषद द्वारा हमे घर से बेघर करने का कार्य किया गया है ऐसी स्थिति में हम कहां जाएं और किससे अपनी गुहार लगाएं।

**विधायक पर लगाया अनदेखी का आरोप....**

वार्ड क्रमांक 5 के रहवासियों ने रोते हुए क्षेत्र के विधायक पर भी अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा की चुनाव के पूर्व तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधी हाथ पैर जोड़ते थकते नहीं है। परंतु आज हमारे घरों को शमशान में बदल दिया गया परंतु विधायक का अता पता नहीं है और नहीं इस कार्यवाही को रूकवाने का प्रयास किया गया, आज हमारे छोटे-छोटे बच्चे हैं, बुढ़े माता पिता हैं इन्हें लेकर कहां जाएं, पीड़ित परिवारों द्वारा कलेक्टर से इस मामले में दखल देकर समस्या के समाधान करने की बात कही है।

### इनका कहना है

प्रशासन प्रयास कर रहा है की यह लोग खुले स्थान पर न रहें, परंतु विरोधाभासी स्थिति होने के कारण यह लोग जाने के लिये तैयार नहीं हो रहे है। हमारे द्वारा अतिक्रमण में हटाये गये परिवारों के लिये तहसील कार्यालय से लगे गोंडवाना भवन में ठहरने की व्यवस्था की गई है। परंतु पीड़ित परिवार बनाई गई व्यवस्था पर अमल नहीं कर रहे है।

**कमलचंद सिंहसार**
**एसडीएम लांजी**

## आज ज्योतिबा फुले जयंती पर नपा बालाघाट द्वारा सामूहिक विवाह आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**दाम्पत्य सूत्र में आबद्ध होंगे जोड़े, जनप्रतिनिधि देंगे आशीर्वाद**



**बालाघाट।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर 11 अप्रैल शुक्रवार को नगरपालिका बालाघाट के तत्वावधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। महात्मा फुले ने समाज में फैली महिला विरोधी कुरीतियों, भेदभाव को मिटाने के लिये कड़ा संघर्ष किया है। उनकी प्रेरणा से नगर पालिका परिषद बालाघाट ने प्रतिवर्ष उनकी जयंती पर सामूहिक विवाह आयोजन कराने का निर्णय लिया है। इसी तारतम्य में नवजोड़े के पंजीयन कराये गये है और स्थानीय तुरकर भवन में विवाह संस्कार समाज के धार्मिक रीति-रिवाजों के तहत संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती भारती पारधी, प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे,श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक, जिला पंचायत सदस्य झाम सिंह नागेश्वर ,फूलचंद सहारे बालाघाट जनपद अध्यक्ष,के साथ ही प्रमुख रूप से पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, अनिल धुवारे,सत्य नारायण अग्रवाल, राजकुमार रायज़ादा, मौसम दीदी, नरेंद्र भैरम, दिलिप चौरसिया ,संजय मिश्रा, रमाकांत डहाके सहित अन्य अतिथिगण एवं सामूहिक विवाह समारोह की अध्यक्षता नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन सभापति व समस्त पार्षदगणों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने बताया कि आयोजित सामूहिक विवाह के अंतर्गत भव्यता के साथ मरार माली समाज भवन बूढ़ी से बारात निकाली जायेगी तथा तुरकर भवन में विवाह संस्कार संपन्न होगा तथा पवार छात्रावास भवन में विवाह समारोह में सम्मिलित हुये नवजोड़े एवं उनके परिवार, रिश्तेदारों के लिये भोजन का प्रबंध रखा गया है। अधिक से अधिक संख्या में इस सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नवजोड़ो को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद देने की अपील नपाध्यक्ष ने की है।

## पोषण पखवाड़े में एनीमिया रोकथाम के लिए संतुलित आहार से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोडिया तथा परियोजना अधिकारी श्री शैलेंद्र चौकसे के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़े की गतिविधियां निरंतर क्रियान्वित की जा रहीं हैं। इसी के अंतर्गत गुरुवार को किशोरी बालिका एवं बच्चो को एनीमिया होने के कारण और एनीमिया रोकथाम के लिए संतुलित आहार एवं आयरन की गोलियों के संबंध में समझाइश सत्र का आयोजन किया गया। साथ ही हाथ धुलाई की एसयूएमएएन-के (सीधा, उल्टा,



मुट्ठी, अंगूठा, नाखून, कलाई) की विधि का प्रदर्शन किया गया। वहीं दस्त प्रबंधन और ओआरएस तैयार करने की विधि भी बतलाई गई। इसके अलावा गृह भेंट के माध्यम से प्रतिमाह 11 से 20 तारीख के मध्य आंगनवाड़ी केंद्र में होने वाले शारीरिक माप के बारे में भी प्रचार किया गया।

## 7 सौ रुपए किराया देकर बोर से ले रहे पानी, जल संकट से जूझ रहा कोयलारी

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।





कटंगी। कम वर्षा और कृषि के लिए पानी की भारी खपत और इन दो बातों के अलावा सरकारी योजना का जमीन पर फलीभूत ना होना. यह वह कारण है जिन वजहों से बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत कोयलारी में भीषण पेयजल संकट बना हुआ है. यहां केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल-जल कनेक्शन लगाकर शासन की योजना पर काम तो हुआ है लेकिन ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है. पानी की विकराल समस्या ने यहां ग्रामीणों के मानवीय मूल्यों का नैतिक पतन कर दिया है. जिस कारण इस गांव में पानी का कथित व्यापार हो रहा है. गांव के कुछ लोग अपने ही गांव के लोगों की प्यास बुझाने के लिए उनसे पानी के एवज में पैसा वसूल रहे है. गांव के कुछ ग्रामीण परिवार बताते है कि दैनिक उपयोग से लेकर पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है. वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार ग्राम पंचायत पर अधूरी पड़ी नल-जल योजना को हेड़ ओवर लेने का दबाव बना रहा है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कहते है कि योजना पूर्ण नहीं हुई है.

गांव के पेयजल स्रोत या तो सुख गए है या दम तोड़ते हुए नजर आ रहे है. ग्रामीणों ने बताया कि घरों में मौजूद कई कुएं तो फरवरी माह में ही सूख चुकी है. हैड़पंप पानी की जगह हवा उगलते है. गांव के अधिकांश हैड़पंपों का पानी पीने योग्य नहीं है. गांव में पानी का संकट होने के कारण महिलाएं दैनिक उपयोग जैसे कपड़े धोने के लिए नहर में जाती है. महिलाओं ने बताया कि अभी नहर चालू है तो कपड़े धुलने में कोई दिक्कत नहीं है. मगर, नहर के बंद होने के बाद क्या होगा. यह सोचकर ही डर लगता है. पानी की किल्लत के कारण गांव में परिवार शौचालय को उपयोग नहीं कर पा रहे है. वह दैनिक क्रिया के लिए खुले में जाने के मजबूर है.

कोयलारी निवासी प्यारेलाल गोपाले बताते है कि पीने के पानी से लेकर दैनिक उपयोग के पानी की किल्लत है. गांव के ही एक व्यक्ति से किराए से पानी ले रहे है. पंचायत के सरपंच को बताएं तो भी वह क्या कर सकते है उनके हाथ में कुछ नहीं है. एक साल से नल-जल योजना का कार्य अपूर्ण है. ठेकेदार काम नहीं कर रहा है. उनसे जब पूछा गया कि पानी खरीदकर ले रहे है तो फिर पानी की बचत क्यों नहीं करते. ऐसे में वह थोड़ा गुस्सा होते है और कहते है जितना पानी लगेगा उतना तो खर्च करना ही पड़ेगा. अगर, घर का बच्चा शौच करें तो धोना ही पड़ेगा पोछ तो नहीं सकतें.

इसी गांव की सागन बाई बताती है कि उनके घर में छोटे-छोटे बच्चे है. बच्चे कई बार अनावश्यक पानी खर्च करते है कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती है कि घर पर पीने का पानी नहीं होता. किसी के घर से पानी लो तो उसे पैसा चुकाना पड़ता है. वह बताती है कि पीने का पानी जुटाने के लिए दुर-दराज हैड़पंप में जाना पड़ता है काफी वक्त पानी जुटाने में ही बीत जाता है. पानी का साधन नहीं होने के कारण वह घर पर किसी तरह की बागवानी तक नहीं कर पाती. इसी गांव की एक महिला ने बताया कि हैड़पंप का जलस्तर इतना नीचे जा चुका है कि कई देर तक चलाने के बाद ही पानी आता है कई बार लाल पानी निकलता है. जिसे पीने के लिए उपयोग करना खतरनाक होता है. गांव की एक अन्य महिला ने बताया कि बड़ा परिवार है बहुत पानी लगता है इसीलिए पानी को सहेज कर रखना पड़ता है लेकिन जितने पानी की जरूरत है उतना पानी भी खरीदना पड़ रहा है.

## 13 अप्रैल को बैहर में होगी केडीवी मिशन की विशाल बैठक

हरिभूमि न्यूज बैहर

**बैहर।** बालाघाट जिले की बैहर तहसील में इन दिनों कबीरपंथी समाज अपने धर्म गुरु पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के आगमन की भव्य तैयारियो में जुटा है। जिसको लेकर कबीरपंथीयो में उत्साह का माहौल है। जिसके चलते आगामी दिनांक 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के जिला अध्यक्ष श्री गोपाल धुवांरे जी के निर्देशानुसार एवं कबीरपंथी समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने के नेतृत्व में एक विशाल बैठक का आयोजन कबीर आश्रम बैहर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। चर्चा के दौरान कबीरपंथी समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने ने बताया की, बैहर कबीरपंथियो का बाहुल्य क्षेत्र है, जिनके आराध्य गुरु, श्री सदगुरु कबीर साहेब जी है, जिनकी वाणी और वचनों को घर घर पहुंचाने, श्री कबीर साहेब जी के सोलवे वंशज पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी अपने नवोदय यात्रा के तहत संपूर्ण भारत भ्रमण पर निकल चुके हैं। और शीघ्र ही मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की बैहर तहसील में पधारेंगे। जिसको लेकर 13 अप्रैल को जिला अध्यक्ष श्री धुवांरे की अध्यक्षता में विशाल बैठक संपन्न कराया जायेगा।





### पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब का बैहर में होगा आगमन

जानकारी अनुसार बता दे की कबीरपंथी एक सामाजिक संगठन है। जिनके आराध्य गुरु, सदगुरु कबीर साहेब जी है, श्री सदगुरु के प्रचारक 16 वे वंश के रुप में वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब है, जो महज 17 वर्ष के है, और कबीर साहेब जी की वाणी, उनका अनुसरण कर जीव दया आतम प्रेम के तहत अपने नवोदय यात्रा के बैनर तले संपूर्ण भारत भ्रमण पर अपनी टीम के साथ निकले हैं, सर्वप्रथम राजस्थान, गुजरात और फिर वर्तमान में महाराष्ट्र भ्रमण पर हैं, महाराष्ट्र का भ्रमण समाप्त होते ही, मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पधारेंगे, जिसमें बैहर का नाम भी शामिल किया गया है। बैहर का कबीरपंथी समाज , साहेब के प्रति अथाह प्रेम रखकर, सामाजिक स्तर पर विविध कार्यक्रम के लिए जाने जाते हैं। मानव मात्र की सेवा और और जाती दलगत से उठकर निष्पक्ष भाव से कार्य करना इनका मुख्य उद्देश्य है, ताकि समाज एक नई दिशा का अनुशरण कर सके, और समाज में फैली व्याप्त बुराइयों को दूर करके मानवता का संदेश दे सके। जिसके लिए कबीरपंथी समाज बैहर के स्त्री, पुरुष और युवा साथी समाज के प्रति समर्पित भाव से कबीर दास जी के वचनों और वाणियों को घर घर कबीर ध्वज यात्रा के माध्यम से बांटने का कार्य कर रहे है।

## 208 कोबरा बटालियन में मनाया गया शौर्य दिवस : साहस और वीरता का जश्न

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर । 9 अप्रैल, को 208 कोबरा परिसर में शौर्य दिवस गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया। जिसमें श्री कपिन गिल, कमांडेंट 07th वाहिनी के0 रि0 पु0 बल, श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी, 208 कोबरा, श्री राजेश्वर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, 07th वाहिनी के0 रि0 पु0 बल और श्री विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, 208 कोबरा के साथ अन्य अधिकारियो ने शहीद स्मारक पर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा श्री कपिन गिल, कमांडेंट को क्वार्टर गार्ड में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसमें 208 कोबरा के श्री हिमांशु बडोला डिप्टी कमांडेंट, श्री प्रवीण पाटिल सहायक कमांडेंट और 7वीं बटालियन के श्री रविंदर सिंह डिप्टी कमांडेंट, श्री अच्छेलाल यादव डिप्टी कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एक विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी 208 कोबरा ने की। जिसमें 208 कोबरा के सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे। द्वितीय कमान अधिकारी महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए भारतीय सैन्य इतिहास में सबसे महतवपूर्ण दिनों में से एक शौर्य दिवस के बारे में बताया की कैसे 2nd वाहिनी के0 रि0 पु0 बल के 150 सैनिकों ने पाकिस्तान के 3500 सैनिकों का सामना किया और पाकिस्तानी सेना के मंसूबो को नाकाम किया। साथ ही के0 रि0 पु0 बल की कल्याणकारी योजनाओ के बारे में अवगत कराया गया।







साथ ही इस अवसर पर एक कबडी मैच का आयोजन किया गया जिसमें सभी खिलाडियों ने बड़े जोश से भाग लिया तथा शौर्य दिवस को खास बनाने के लिए शाम में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।

## श्रद्धा वासनिक ने प्राप्त की एमबीबीएस की डिग्री

हरिभूमि न्यूज बैहर ।

**डॉक्टर बनकर गरीब और असहाय लोगों की मदद मेरा लक्ष्य.... श्रद्धा**



**बैहर।** जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर बैहर तहसील के वनांचल क्षेत्र ग्राम मोवाला में रहने वाली कुमारी श्रद्धा वासनिक ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर ना सिर्फ परिवार वालो का नाम रोशन किया है बल्कि अपने क्षेत्र ग्राम मोवाला तहसील बैहर जिला बालाघाट का भी नाम रोशन किया है। जानकारी अनुसार बता दे की कुमारी श्रद्धा वासनिक ग्राम मोवाला निवासी श्री जसवंत लाल वासनिक की पोती है, जिनके पिता श्री दिलीप वासनिक माता श्रीमती आशा वासनिक है। चर्चा के दौरान कू श्रद्धा वासनिक ने बताया की, आज मुझे मालवांचल विश्वविद्यालय इंदौर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त हुई है, मै बेहद खुश हूं,मै अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की हूं। क्योंकि मेरा सपना बचपन से ही रहा है की मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनू और गरीब असहाय, जरूरतमंदों की डॉक्टर बनकर हर संभव मदद करूं। इस तरह श्रद्धा अपने क्षेत्र के युवक युवतियों के लिए एक प्रेरणा बनकर डॉक्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आगे श्रद्धा ने बताया की मेहनत और लगन में बहुत ताकत होती बस सही दिशा होनी चाहिए और मेरी सही दिशा व सफलता का श्रेय मै अपने दादा श्री जसवंत लाल वासनिक, श्रीमती कुशमा वासनिक (दादी), श्री दिलीप वासनिक (पिताजी), श्रीमति आशा वासनिक (माताजी), श्री विनोद वासनिक (चाचा), श्रीमती अनामिका वासनिक (चाची), श्री कृष्णा वासनिक (चाचा),श्री आनंद मेश्राम (मामा), श्रीमती पुस्तकला मेश्राम (बुआ), एवं परिवार के अन्य सदस्यों, मेरे गुरुजनों व मेरे सहपाठी भाई बहनों को देती हूं, जिन्होंने मुझे सही दिशा दिखाया और मुझे इस काबिल बनाने में मुझे योगदान दिया । इस तरह एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने पर कू. श्रद्धा को क्षेत्रवासियों ने खूब सराहना की और परिवार के सदस्यों, दोस्तो और गुरुजनों ने श्रद्धा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं: अक्षय उपराडे

## बीएमओ ने की वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील

हरिभूमि न्यूज लांजी।

क्षेत्र में हो रही लगातार सड़क दुर्घटना ओर वाहन चालकों के गंभीर रूप से घायल होने का मुख्य कारण वाहन चालकों का हेलमेट नहीं पहनना होता है जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अब गंभीर नजर आने लगा है। और इसी तारतम्य में सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ बीएमओ अक्षय उपराडे ने जारी बयान में कहा कि विगत कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि लांजी विकासखंड में शाम एवं रात्रि के समय दुर्घटनाओं में वृद्धि पाई गई है। दुर्घटनाओं में अधिकांश मरीज सर पर चोट वाले एवं चेहरे पर चोट वाले अस्पताल में इलाज हेतु लाए गए।

कुछ मरीज दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम हेतु लाए गए, जिनकी मृत्यु होने की एक मुख्य वजह सर पर चोट लगना भी थी। लांजी विकासखंड के समस्त लोगों से अपील है कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। हेलमेट पहनने से दुर्घटना होने पर सर पर एवं चेहरे पर लगने वाली गंभीर चोट से बचाव हो



सकता है। कई दुर्घटनाग्रस्त में कम आयु वर्ग के युवा तेज वाहन चलाने अथवा शराब कर सेवन कर वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। किसी भी प्रकार का वाहन चलाते समय शराब का नहीं करना चाहिए वह नियंत्रित गति में वाहन चलाने चाहिए। रात्रि के समय अपर डिपर लाईट का उपयोग करने से भी दुर्घटना से बचा जा सकता है । कहीं पर भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखने पर 108 नंबर कॉल कर उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु ले जाना आवश्यक है, आपके द्वारा की गई यह सहायता किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है।

## जैन समाज के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।

**शहर में निकला वरघोड़ा, 108 दीपों से हुई आरती**

**कटंगी।** बिना ढूंढे हम उनको कहां पाएंगे, करो भक्ति बोलो सत्य, भगवान महावीर आपके द्वार आएंगे इसी तरह के नारों और महावीर स्वामी के जयघोष के साथ सर्व समाज को अहिंसा परमो धर्म का पाठ पढ़ाने वाले जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती 10 अप्रैल गुरुवार को समूचे राष्ट्र में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई. इस मौके पर कटंगी शहर में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के नेतृत्व और जैन साधुओं की अगुवाई में जयंती



समारोह का आयोजन हुआ. जिसमें सुबह करीब 09 बजे श्री सुपार्श्वनाथ जैन श्वेताबंर मंदिर से वरघोड़ा यानी शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र को रथ में सजाकर शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली. शोभायात्रा में जैन समाज के युवा डीजे की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आए. विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया और यथास्थान जैन मंदिर पहुंचकर विराम लिया. महावीर जयंती पर महावीर स्वामी के वचनों का पालन करते हुए जीव दया-महादया का अनुसरण करते हुए सभी जन को जलपात्र वितरित किए गए ताकि गर्मी के सीजन में हर व्यक्ति अपने घरों और आस-पास पक्षियों के लिए जलपात्र बांधे. मंदिर में दोपहर 11 बजे जैन गुरूओं ने प्रवचन किया. जिसका समस्त जैन समाज ने श्रवण लाभ लिया. वहीं पूरा दिन मंदिर में विविध प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए. शाम को 108 दीपों से मंदिर में आरती और भक्ति हुई. महावीर जयंती जैन समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है और इसे भारत और दुनिया भर में भव्यता के साथ मनाया जाता है. यह त्योहार भगवान महावीर के जन्म की याद में मनाया जाता है.